SL. No. : CC

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**CCE RF**
**CCE RR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ: **85-H**

**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh + Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 12. 04. 2017 ] [ Date : 12. 04. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**

**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें । $10 \times 1 = 10$

1. रेग्युलेटिंग ऐक्ट का एक मुख्य लक्षण है

   (A) यह संघीय संरचना तैयार करता है

   (B) धर्म पर आधारित निर्वाचन क्षेत्र बनाना

   (C) सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना

   (D) राज्यों में द्विसदनीय सरकार व्यवस्था प्रस्तुत करता है ।

2. **समूह - A** में नेताओं की सूची तथा **समूह - B** में उनकी भूमिका दिया हुआ है । सही समूह पहचानकर मिलान करें ।

| **समूह - A** | **समूह - B** |
|---|---|
| (a) फ्रांज फर्डिनेन्ड | (i) रूस के राष्ट्रपति |
| (b) हिटलर | (ii) आस्ट्रिया के राजकुमार |
| (c) मुसोलिनी | (iii) जर्मनी का तानाशाह |
| (d) जोसेफ स्टालिन | (iv) इटली का तानाशाह । |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iii | iv | i | ii. |

3. U.N.O. का मख्यालय स्थित है

   (A) पेरिस में

   (B) जेनेवा में

   (C) वाशिंगटन में

   (D) न्यूयार्क में ।

4. राष्ट्र संघ की स्थापना शांति बहाल रखने के लिए की गई थी । परन्तु यह असफल हुआ

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के चलते

(B) 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध के चलते

(C) प्रथम विश्व युद्ध का अंत होने के चलते

(D) USA तथा USSR के बीच शीत युद्ध प्रारंभ होने के चलते ।

5. 'सच में, संपूर्ण मानवजाति एक है' यह कन्नड कवि........... के द्वारा घोषित किया गया था ।

(A) रन्ना

(B) पम्पा

(C) जन्ना

(D) पोन्ना ।

6. मानचित्र में चिह्नित स्थानों का सही मेल है




(A) 1-तुंगभद्रा, 2-भाकरा नांगल, 3-कोशी

(B) 1-होराकुड, 2-कोशी, 3-भाकरा नांगल

(C) 1-भाकरा नांगल, 2-तुंगभद्रा, 3-होराकुड

(D) 1-कोशी, 2-होराकुड, 3-तुंगभद्रा ।

7. भारत से अबरक का निर्यात कम होने का कारण है

   (A) इसका उत्पादन में कमी

   (B) इसका उत्पादन में वृद्धि

   (C) अबरक के विकल्प उपलब्ध

   (D) यह अलौह खनिज है ।

8. भारत के 'आर्थिक नियोजन के जनक' हैं

   (A) सर एम० विश्वेश्वरय्या

   (B) नारायण मूर्ति

   (C) डॉ० नार्मन बोरलाग

   (D) डॉ० प्रताप रेड्डी ।

9. रामू भविष्य में अपनी लड़की की शादी के लिए रुपये बचत करना चाहता है । उसे किस प्रकार का बैंक खाता खोलने का सुझाव देंगे ?

   (A) बचत बैंक खाता

   (B) आवर्ती जमा खाता

   (C) चालू खाता

   (D) सावधि जमा खाता ।

10. भारत के बाजारों में विभिन्न देशों के उत्पाद उपलब्ध होने का कारण है

   (A) भूमण्डलीकरण

   (B) औद्योगोकरण

   (C) निजीकरण

   (D) नगरीकरण ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : $14 \times 1 = 14$

11. कालचक्र किसे कहते हैं ?

12. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

13. सरदार वल्लभ भाई पटेल को 'भारत का लौह पुरुष' क्यों कहा जाता है ?

14. डा० डी० एम० नन्जुदप्पा कमिटी क्यों बनायी गयी थी ?

15. भारतीय विदेश नीति को 'नेहरू की विदेशी नीति' कहा जाता है । क्यों ?

16. भीड़ कब दंगा के रूप में बदल जाता है ?

17. चिपको आन्दोलन क्यों प्रारम्भ हुआ ?

18. उत्तरी समतल क्षेत्र निक्षेपी समतल क्षेत्र क्यों कहे जाते हैं ?

19. दामोदर नदी को 'बंगाल का शोक' क्यों कहा जाता था ?

20. भारत के पश्चिमी तट का तटीय अपरदन तीव्र क्यों है ?

21. तटों पर मैंग्रोव वन क्यों उगाने चाहिए ?

22. डा० एम० एस० स्वामीनाथन को 'हरित क्रांति' का पथप्रदर्शक क्यों कहा जाता है ?

23. 'भारत के गाँवों का विकास ही सही मायने में भारत का विकास है ।' किसने कहा है ?

24. भूमण्डलीकरण वस्तुओं की लागत कम रखती है । कैसे ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दा** से **चार** वाक्यों में दें : $15 \times 2 = 30$

25. द्वैध शासन व्यवस्था का वर्णन करें ।

26. 'मुम्बई कर्नाटक' क्षेत्र कौन हैं ?

27. स्वामी विवेकानंद नवयुवकों के लिए महान प्रेरणास्रोत हैं । कैसे ?

28. चीनी क्रांति के प्रभावों का वर्णन करें ।

**अथवा**

फासिज्म के लक्षणों का वर्णन करें ।

29. जनसंख्या विस्फोट विभिन्न प्रकार की समस्या कैसे उत्पन्न करता है ?

30. आतंकवाद के प्रभावों का वर्णन करें ।

31. दहेज एक सामाजिक पाप है । वर्णन करें ।

32. 'भारतीय कृषि मानसून के साथ जुआ है ।' पुष्टि करें ।

33. मृदा अपरदन का निवारण क्यों आवश्यक है ?

34. भारत में पतझड़ वनों की विशेषताओं का उल्लेख करें ।

35. प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग तकनीक कैसे सहायक होता है ?

36. 'बागवानी भारत में असीम विकास का गवाह है ।' वर्णन करें ।

37. लोगों का गाँवों से शहरों में देशांतरण से उत्पन्न समस्याओं का उल्लेख करें ।

38. राष्ट्रीय आय से राष्ट्र के विकास का अनुमान करना सही नहीं है । क्यों ?

39. 'उद्यमिता एक सर्जनात्मक क्रियाकलाप है ।' कैसे ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

40. "1857 का विद्रोह के लिए विभिन्न आर्थिक परिवर्तन जिम्मेवार थे ।" स्पष्ट करें ।

**अथवा**

यातायात, सम्पर्क तथा पत्रकारिता का विकास भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का आधार बन गया था । कैसे ?

41. भारत क्यों वर्तमान विश्व के लिए निःशस्त्रीकरण को अत्यावश्यक मान रहा है ?

**अथवा**

भारत तथा अमेरिका में मैत्रीपूर्ण संबंध है । स्पष्ट करें ।

42. अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए किये गये संवैधानिक तथा वैध उपायों का वर्णन करें ।

**अथवा**

बेरोजगारी की समस्या को मिटाने के लिए सरकार द्वारा किये गये उपायों का वर्णन करें ।

43. भारत के प्रमुख बंदरगाह कौन-कौन हैं ?

**अथवा**

भारत के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कौन-कौन हैं ?

44. विकेन्द्रीकरण के परिप्रेक्ष्य में 'ग्राम स्वराज्य' के गाँधीजी की अवधारणा का वर्णन करें ।

**अथवा**

लोक वित्त तथा निजी वित्त में अंतर बताएँ ।

45. 'डाकघर विभिन्न तरह के वित्तीय लेनदेन भी करते हैं ।' स्पष्ट करें ।

**अथवा**

जीवन बीमा क्यों आवश्यक है ?

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

46. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में नरमपंथियों की भूमिका का वर्णन करें ।

VI. 47. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : 1 + 3 = 4

a) बाम्बे हाई

b) कोंकण तट

c) बेंगलुरु ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 47 के बदले में )**

भारतीयों के जीवन में हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4